# महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर

## विद्या परिषद् की 52वीं बैठक
## कार्यवृत्त (Minutes)

विद्या परिषद् की 52वीं बैठक दिनांक 31 अगस्त, 2015 को प्रातः 10.00 बजे बृहस्पति भवन स्थित सभागार में आयोजित हुई, जिसमें निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए :-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो. कैलाश सोडाणी<br>कुलपति,<br>महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर | अध्यक्ष |
| 2. | प्रो. एस. पालरिया<br>संकायाध्यक्ष, कॉलेज एवं<br>विभागाध्यक्ष, रिमोट सेंसिंग एण्ड जियोइन्फोरमेटिक्स विभाग,<br>म.द.स. विश्वविद्यालय, अजमेर | सदस्य |
| 3. | प्रो. लक्ष्मी ठाकुर,<br>विभागाध्यक्ष-जनसंख्या अध्ययन विभाग,<br>म.द.स. विश्वविद्यालय, अजमेर | सदस्य |
| 4. | प्रो. मनोज कुमार,<br>संकायाध्यक्ष-प्रबन्ध अध्ययन संकाय एवं<br>विभागाध्यक्ष-प्रबन्ध अध्ययन विभाग,<br>म.द.स. विश्वविद्यालय, अजमेर | सदस्य |
| 5. | प्रो. जी.के.कोहली,<br>संकायाध्यक्ष-स्नातकोत्तर अध्ययन एवं<br>विभागाध्यक्ष-खाद्य विज्ञान एवं पोषण विभाग,<br>म.द.स. विश्वविद्यालय, अजमेर | सदस्य |
| 6. | प्रो. बी.पी. सारस्वत,<br>संकायाध्यक्ष-वाणिज्य संकाय एवं<br>विभागाध्यक्ष-वाणिज्य विभाग,<br>म.द.स. विश्वविद्यालय, अजमेर | सदस्य |
| 7. | प्रो. सतीश अग्रवाल,<br>संकायाध्यक्ष-महाविद्यालय,<br>म.द.स. विश्वविद्यालय, अजमेर | सदस्य |
| 8. | डॉ. प्रवीण माथुर<br>संकायाध्यक्ष-छात्र कल्याण,<br>म.द.स. विश्वविद्यालय, अजमेर | सदस्य |
| 9. | प्रो. वी.के. कांकरिया,<br>संकायाध्यक्ष-शिक्षा संकाय एवं प्राचार्य<br>क्षेत्रीय शिक्षण संस्थान, अजमेर | सदस्य |

| | | |
|---|---|---|
| 10. | श्री दीपक राज महरोत्रा,<br>संकायाध्यक्ष-विज्ञान संकाय एवं प्राचार्य,<br>राजकीय महाविद्यालय, अजमेर | सदस्य |
| 11. | श्री सुरेश वैष्णव,<br>प्राचार्य,<br>गायत्री शक्ति पीठ कन्या महाविद्यालय, पुष्कर (अजमेर) | सदस्य |
| 12. | कुलसचिव,<br>म.द.स. विश्वविद्यालय, अजमेर | सदस्य-सचिव |

**निम्नलिखित सदस्य बैठक में उपस्थित नहीं हो सकेः-**

| | | |
|---|---|---|
| 13. | अध्यक्ष,<br>माध्यमिक शिक्षा बोर्ड,<br>राजस्थान, अजमेर | सदस्य |
| 14. | आयुक्त,<br>महाविद्यालय शिक्षा, राजस्थान सरकार,<br>जयपुर | सदस्य |
| 15. | श्रीमती दमयन्ती गुप्ता,<br>संकायाध्यक्ष-समाज विज्ञान,<br>राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर | सदस्य |
| 16. | प्रो. जी. सोरल,<br>लेखाशास्त्र एवं सांख्यिकी विभाग,<br>विश्वविद्यालय वाणिज्य एवं प्रबन्ध अध्ययन महाविद्यालय, उदयपुर | सदस्य |
| 17. | प्रो. नरेन्द्र अवस्थी<br>संकायाध्यक्ष- कला, शिक्षा एवं समाज विज्ञान संकाय,<br>जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर | सदस्य |

सर्व प्रथम माननीय कुलपति महोदय ने विद्या परिषद् के सभी सदस्यों का स्वागत किया। तत्पश्चात् विद्या परिषद् की कार्यवाही प्रारम्भ करने हेतु कुलसचिव को निर्देशित किया गया।

| मद | विवरण | अनुभाग/ विभाग |
|---|---|---|
| **मद सं. 1** | विद्या परिषद् की दिनांक 11.07.15 को सम्पन्न हुई 51वीं बैठक के कार्यवृत्त (Minutes) की पुष्टि करना ।<br><br>उक्त कार्यवृत्त की एक प्रति सभी माननीय सदस्यों को इस कार्यालय के पत्र क्रमांक एफ. 13 (51) शैक्षणिक-I/मदसविवि/2014/26471-86 दिनांक 28.07.2015 को प्रेषित की गई । | **शैक्षणिक-I** |
| **निर्णय** | **कार्यवृत्त की पुष्टि की गयी ।** | |

| | | |
|---|---|---|
| **मद सं 2** | विद्या परिषद् के सदस्यों को कुलपति महोदय द्वारा छठे दीक्षान्त कार्यक्रम दिनांक 05 अक्टूबर, 2015 की जानकारी देना । | **उपाधि** |
| **निर्णय** | **दिनांक 05 अक्टूबर, 2015 को आयोजित होने वाले छठे दीक्षान्त समारोह संबंधी कार्यक्रम की माननीय कुलपति महोदय द्वारा प्रदत्त जानकारी को अभिलिखित किया गया ।** | |
| **मद सं 3** | विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों के अन्तर्गत संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों की वर्ष 2008, 2009, 2010, 2011, 2012, 2013 एवं 2014 में आयोजित परीक्षाओं में उत्तीर्ण रहे विद्यार्थियों को तद्नुसार उपाधि धारण करने की प्रदान की गई स्वीकृति (ग्रेस पास) की जानकारी देना । | **उपाधि** |
| **निर्णय** | **वर्ष 2008 से 2014 तक के गोल्ड मेडल देने व वर्ष 2010 से 2014 ग्रेस पास का अनुमोदन किया गया ।** | |
| **मद सं 4** | विश्वविद्यालय अध्यादेश 124 के प्रावधानान्तर्गत दिनांक 01 जनवरी, 2009 से 31 मई, 2015 की अवधि में माननीय कुलपति महोदय की स्वीकृति से शोधोपाधि हेतु शोधार्थियों को प्रदान किए गए 579 अनन्तिम प्रमाण-पत्र (Provisional Certificate) धारियों को उनके संबंधित संकाय और शीर्षक के अनुसार उपाधि धारण करने की स्वीकृति प्रदान (ग्रेस पास) करना । | **उपाधि** |
| **निर्णय** | **ग्रेस पास का अनुमोदन किया गया ।** | |
| **मद सं 5** | **प्रतिवेदन है कि** अंग्रेजी अध्ययन बोर्ड की बैठक दिनांक 10.08.2015 की अनुशंषाओं को माननीय कुलपति महोदय द्वारा दिनांक 18.08.2015 को अनुमोदन प्रदान किया गया । **(कार्यसूची का परिशिष्ठ-1)** | **शैक्षणिक-I** |
| **निर्णय** | **पुष्टि की गयी ।** | |
| **मद सं 6** | विश्वविद्यालय अधिनियम की धारा 31 (2) के प्रावधानांतर्गत सोफिया कन्या महाविद्यालय, अजमेर के Conferment of Autonomous Status के आवेदन के क्रम में उक्त महाविद्यालय का विश्वविद्यालय नियमानुसार तथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की गाईड लाईन के अनुसार निरीक्षण कर रिपोर्ट देने हेतु गठित स्टेंडिंग कमेटी के निरीक्षण प्रतिवेदन दिनांक 25.08.2015 पर विचार करना । **(कार्यसूची का परिशिष्ठ-2)** | **शैक्षणिक-II** |
| **निर्णय** | **विद्या परिषद् ने उक्त महाविद्यालय को इस शर्त के साथ स्वायत्ता (Autonomous Status ) प्रदान करने की अनुशंषा की कि उक्त महाविद्यालय विश्वविद्यालय तथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली के रूल्स एण्ड रेग्यूलेशन की पालना करेगा ।** | |
| **मद सं 7** | विश्वविद्यालय की पूर्व परम्परानुसार दीक्षान्त समारोह के दौरान उपस्थित होने वाले दीक्षार्थी, उपाधि प्राप्तकर्ता, पदक प्राप्तकर्ता, एकेडमिक काउन्सिल एवं प्रबन्ध बोर्ड के सदस्यों एवं अन्य समिति के सदस्यों, पदाधिकारियों को निर्धारित गणवेश में उपस्थित होना होता है । विश्वविद्यालय परम्परानुसार गणवेश निम्नानुसार हैः- | **दीक्षान्त** |

| | | |
|---|---|---|
| | **1. पुरूषों के लिएः**<br>सफेद जोधपुरी कोट/सफेट कमीज/सफेद पेन्ट/सफेद कुर्ता-सफेद पायजामा/सफेद धोती ।<br>**2. महिलाओं के लिएः**<br>लाल किनारी की सफेद साड़ी/सफेद ब्लाउज/सफेद कुर्ता-सफेद पायजामा/सफेद सलवार सूट/सफेद चुन्नी ।<br><br>उपरोक्त विषय में उक्त गणवेश को धारण करने के संबंध में पदक/उपाधि प्राप्तकर्ताओं, प्रबन्ध बोर्ड एवं विद्या परिषद् सदस्यों, अन्य पदाधिकारियों, समिति सदस्यों को सूचित करने से पूर्व माननीय कुलपति महोदय से आदेश प्रदान करने हेतु निवेदन किया जाना प्रस्तावित है तथा उक्त संबंध में आदेशों को दिनांक 31 अगस्त, 2015 को आयोजित होने वाली विद्या परिषद् एवं प्रबन्ध बोर्ड की बैठक में सूचित किया जाना प्रस्तावित है । | |
| निर्णय | **दीक्षान्त परेड में शामिल होने वाले माननीय सदस्यों हेतुः-**<br>**पुरूषों के लिए सफेद जोधपुरी कोट एवं एक ही जैसा साफा तथा महिलाओं हेतु लाल किनारी की सफेद साड़ी का अनुमोदन किया गया । अन्य पदाधिकारियों, पदक प्राप्तकर्ता, उपाधि प्राप्तकर्ता एवं छात्र-छात्राओं हेतु उपरोक्तानुसार ड्रेस कोड होगा ।** | |

**अन्त में माननीय कुलपति महोदय को धन्यवाद ज्ञापित करने के साथ बैठक समाप्त हुई ।**

**कुलपति** **कुलसचिव**